# योजनाओं के नाम तक नहीं बता पाए बीडीओ, सीईओ चौधरी की मॉनिटरिंग पर उठे सवाल

## पंचायतराज मंत्री रमेश मीणा ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

**झुंझुनूं, (निसं.)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के मंत्री रमेश मीणा इन दिनों पूरे एक्शन में है और अधिकारियों की क्लास लगा रहे है। ऐसी ही क्लास उन्होंने झुंझुनूं में भी लगाई। दरअसल करीब पांच घंटे तक उन्होंने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें मीणा ने कुछ बीडीओ को योजनाओं के पूरे नाम पूछे तो उन्हें योजनाओं के पूरे नाम तक पता नहीं था। जिस पर मीणा नाराज हुए और उन्होंने कहा कि आप पढ़े-लिखे लोग हैं।

आपको बाबू के आकंड़ों के आधार पर पारंपरिक तरीके से कार्य करने की जगह विभाग की गाइडलाइन व बुक का ज्ञान होना चाहिए। इसके लिए मीणा ने जिला परिषद सीईओ जवाहर चौधरी को भी जिम्मेदार ठहराया और कहा कि सीईओ की सही मॉनेटरिंग और लापरवाही के कारण जिले में ऐसे हालात हो रहे है। जो सही नहीं है। विकास अधिकारी अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की भी सही जानकारी नहीं दे पाए। उन्होंने कहा कि विभाग की कोशिश है कि नई गाइडलाइन से आमजन को फायदा मिल सके। विकास अधिकारी बाबूओं द्वारा दिए गए आंकडे व पारंपरिक कार्य शैली के आधार पर बैठे-बैठे साइन करने काम कर रहे हैं।



पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

मंत्री मीणा ने मनरेगा योजना के कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को नियमित रूप से नरेगा कार्यों का नियमित निरीक्षण करने व महिला मेट बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार व खेतड़ी विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह, जल ठाहण एवं भू संरक्षण के निदेशक रश्मि गुप्ता, नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा, झुंझुनूं प्रधान पुष्पा चाहर, बुहाना प्रधान हरिकिशन यादव, अलसीसर प्रधान घासीराम पूनिया, जिला परिषद के सीईओ जवाहर चौधरी, एडीएम जेपी गौड़, एसीईओ रामनिवास, उपवन संरक्षक राजेंद्र हुडा, पीडब्लूडी के एसई शंकरलाल आदि मौजूद थे।

**दूसरी जगह भेजने और नोटिस की चेतावनी :-** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं से जुड़े सवाल, धरातल पर किए जा रहे कार्यों व विभिन्न योजनाओं के तहत रुपए खर्च नहीं करने से नाराज शासन सचिव नवीन जैन ने उदयपुरवाटी के बीडीओ


**■ शासन सचिव नवीन जैन ने दिए कार्रवाई के संकेत**

बाबूलाल रैगर, सूरजगढ़ के बीडीओ पवन शर्मा, मंडावा के बीडीओ नरेंद्र पूनिया, अलसीसर के बीडीओ महेश चंद्र, खेतड़ी के बीडीओ शिशुपाल सिंह, पिलानी की बीडीओ सुशीला यादव, वाटर शैड के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार, स्वच्छ भारत मिशन की जिला कॉर्डिनेटर सुमन को सही तरह से काम नहीं करने पर दूसरी जगह भेजने व 16 सीसीए नोटिस देने की चेतावनी दी।

इधर, विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने कहा कि यह शर्म की बात है कि बीडीओ को एक भी योजना के बारे में जानकारी नहीं है। बाबू जो आकड़े देते हैं उनके आधार पर बैठे-बैठे साइन करते हैं। इनको खुद का कोई नॉलेज ही नहीं है। उन्होंने बीडीओ को चेतावनी भी दी की जिनको काम नहीं करना है। उनको दूसरी जगह भेजा जाएगा और 16 सीसीए के तहत कार्रवाई भी की जाएगी।

# रोडवेज कर्मचारी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर करेंगे चक्का जाम

## बीएमएस ने किया आंदोलन से किनारा, बसों के संचालन के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन


मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी संगठन काफी दिनों से आंदोलन कर रहा है।

**खेतड़ी, (निस)।** रोडवेज कर्मचारी संगठन पिछले काफी समय से अपने विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है। तो गुरूवार से रोडवेज का चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। वहीं दूसरी ओर भारतीय मजदूर संघ ने आंदोलन से किनारा करते हुए आंदोलन में शामिल नहीं होकर रोडवेज के संचालन को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा की मांग की है।

राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठन एटक के अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि रोडवेज कर्मचारियों की ओर से रोडवेज बचाओ रोजगार बचाओ अभियान के तहत 21 सूत्री मांगों को लेकर पिछले काफी समय से आंदोलन किया जा रहा है। वहीं पिछले दो दिन से खेतड़ी, आगार परिसर में धरना भी दिया जा रहा है। रोडवेज कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर सरकार व निगम प्रशासन को कई बार अवगत करवा चुके हैं। वहीं परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला के साथ सचिवालय में बैठक कर समस्याओं का समाधान करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन सरकार द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से कर्मचारियों में आक्रोश है। जिसके चलते चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया है। वहीं दूसरी ओर भारतीय मजदूर संघ ने आंदोलन से अलग होते हुए रोडवेज बसों के संचालन को लेकर सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की है। संघ के तहसील संयोजक शीशराम गुर्जर ने बताया कि संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रस्तावित हड़ताल का भारतीय मजदूर संघ समर्थन नहीं करता है।

वैवाहिक सीजन होने के कारण निगम के वाहनों पर यात्री भार का अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा निगम को राजस्व की हानि भी उठानी पड़ेगी। इसी को लेकर भारतीय मजदूर संघ आंदोलन में शामिल नहीं होगा तथा बसों का संचालन प्रभावी रूप से किया जाएगा। इस दौरान होने वाली किसी प्रकार की अप्रिय घटना को देखते हुए सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की है तथा डिपो मैनेजर व एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर रोडवेज बसों का नियमित संचालन करवाए जाने की मांग की है। इस मौके पर दोनों पक्षों के सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

# सहायक निदेशक ( पॉलीग्राफ डिवीजन ), लेक्चरर अगद तंत्र विचारित सूची जारी

**अजमेर, (कास)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा गृह (ग्रुप-1) विभाग में सहायक निदेशक (पॉलीग्राफ डिवीजन) एवं आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग में अगद तंत्र विषय के लेक्चरर पदों हेतु पात्रता की जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की गई है। साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सचिव एचएल अटल ने बताया कि आयोग द्वारा सहायक निदेशक (पॉलीग्राफ डिवीजन) पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए संवीक्षा परीक्षा-2021 का आयोजन 10 जून 2022 को किया गया था। 13 नवंबर 2021 को लेक्चरर अगद तंत्र विषय की संवीक्षा परीक्षा-2021 आयोजित की गई थी। परीक्षाओं के फलस्वरूप 6-6 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच के लिए विचारित सूची में अस्थाई रूप से शामिल किया गया है।

अटल ने कहा कि लेक्चरर- अगद तंत्र का परिणाम माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में दायर याचिका संख्या 12013/2021 में पारित अंतरिम आदेश 7 मार्च 2022 की पालना में उक्त याचिका में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। उन्होंने बताया कि जारी की गई विचारित सूची साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है।

अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी। पात्र पाए गए अभ्यर्थियों में से ही साक्षात्कार हेतु परिणाम जारी किया जाएगा। विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन एवं दस्तावेज सत्यापन के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

## चैक अनादरण के आरोपी को सजा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** न्यायालय विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एन.आई. एक्ट प्रकरण संख्या-1) भीलवाड़ा ने चैक अनादरण के आरोपी/अभियुक्त को एक प्रकरण में 1 वर्ष के कारावास तथा 9,00,000/- रूपयें के प्रतिकर से दण्डित किया।

परिवादी लक्ष्मणलाल आत्मज इंदरमल सिंघवी निवासी भीलवाडा ने अधिवक्ता ललित सांखला के मार्फत एक परिवाद न्यायालय में अभियुक्त बाबूलाल आत्मज धननदेव आचार्य, निवासी ईरास, भीलवाडा के विरूद्ध 4,50,000/- के चैक अनादरण बाबत प्रस्तुत किया, जिसमें न्यायालय ने आरोपी/ अभियुक्त बाबूलाल को धारा 138 एन.आई. एक्ट के तहत चैक अनादरण के अपराध का दोषी मानते हुए प्रकरण में 1 वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई।

# बिजली विभाग ने नगरपालिका के करीब 110 कनेक्शन काटे

**■ बिजली विभाग के करीब 80 लाख रूपए बकाया**

**सुमेरपुर, (निसं)।** आमजन को पेयजल की सुविधा के लिए सुमेरपुर नगरपालिका क्षेत्र में स्थापित हैण्डपम्पो को हटाकर इलेक्ट्रिक मोटर स्थापित कर बिजली विभाग से कनेक्शन लेकर आमजन को राहत प्रदान की थी। लेकिन यह राहत कुछ सालों तक ही आमजन को मिली। नगरपालिका प्रशासन ने बिजली विभाग के करीब 80 लाख रूपए बकाया होने के चलते नगरपालिका के करीब 110 टंकियो से बिजली कनेक्शन काट दिए।

बिजली विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि नगरपालिका को पिछले दो महिनों से लगातार पत्र के माध्यम से बिजली बकाया जमा कराने के लिए आग्रह किया था, लेकिन पालिका प्रशासन ने किसी भी प्रकार का कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने के कारण उच्चाधिकारियों की सहमति से पालिका के करीब 110 कनेक्शन काटे हैं और आगे भी कार्रवाई जारी है। बिजली विभाग के कार्मिको ने भी आमजन को पेयजल के लिए राहत देने के लिए कनेक्शन तब काटे जब ईओ प्रकाश डूडी को विभाग ने एपीओ कर दिया। बिजली विभाग ने उनके पद पर रहते हुए बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई नहीं की। वर्तमान में ईओ का पद खाली होने के चलतें किसी ईओ का चार्ज असमंजस स्थिति में है।

नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 व 2 जाखानगर में पालिका की करीब 10 टंकिया लगाई गई थी। उक्त क्षेत्र कच्ची बस्ती होने के कारण यहां गरीब तबके के लोग निवासरत हैं जिनके घरो में पानी का कनेक्शन नहीं होने के चलते नगरपालिका प्रशासन की ओर से करीब 10 हैण्डपम्पों को हटाकर वहां इलेक्ट्रिक मोटर स्थापित कर बिजली विभाग के कनेक्शन लेकर आमजन के लिए पेयजल की व्यवस्था शुरू की थी लेकिन अब पालिका प्रषासन द्वारा पिछले लम्बे समय से बिजली का बिल भुगतान नहीं करने पर बिजली विभाग ने उक्त टंकियो से बिजली कनेक्शन काट दिए। वहीं क्षेत्र के वासिन्दों ने बताया कि अगर बिजली कनेक्शन का बिल बकाया चल रहा है तो पालिका को मोटरे ही नहीं लगानी थी हम हैण्डपम्प से ही पानी भर लेते।

नगरपालिका सुमेरपुर की अध्यक्ष उषा कंवर ने बताया कि वर्तमान में पालिका में फण्ड नहीं है, राज्य सरकार ने चुंगी नाका मद का करीब एक करोड़ नहीं उपलब्ध कराया है। मैने बिजली विभाग के एसई से निवेदन किया है कि जल्द ही बकाया भुगतान आपको कर देगें। शाम तक दोबारा कनेक्शन हो जाएंगे।

डिस्कॉम सुमेरपुर के एईएन अशोक कुमार मीणा ने बताया कि नगर पालिका के करीब 80 लाख बकाया होने चलतें उच्चाधिकारियों से सहमति लेकर कार्रवाई की गई है।

# युवक की मूंछे और बाल काटे, वीडियो वायरल

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर के निकटवर्ती खारडा भांडू में युवक की मूंछे और बाल काटने जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने हालांकि अभी तक पुलिस के पास में उपस्थित होकर कोई रिपोर्ट नहीं दी है। मगर युवक जिस घर में परिचित से मिलने गया उसके पड़ौसियों को मिलना नागवार लगा और बाल मूंछे काट डाले।

पुलिस ने फिलहाल किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। एक महिला ने अपने पड़ौसियों के खिलाफ लज्जा भंग की रिपोर्ट दी है। बोरानाडा थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि खारडा भांडू की रहने वाली एक महिला ने अपने पड़ौस के चार लोगों कुने खां, हाकम खां, शाहरूक खां एवं कालू खां के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ एवं लज्जा भंग की रिपोर्ट दी है। घटना 20 नवंबर की है। थानाधिकारी किशनलाल ने बताया कि जिस महिला की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई उसके घर में जीतू नाम का एक शख्स आया हुआ था। जो कि उनके मिलने वाला है। जीतू के घर में आने की जानकारी मिली तो पड़ौसियों को उसका वहां आना नागवार लगा। पड़ोसियों ने उसे पकड़ कर बाल और मूंछे काट दी गई। यह घटना भी 20 नवंबर को ही हुई थी। बाल मूंछे काटे जाने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस भी सकते में आ गई।

## आरोपी पकड़ा


**करौली, (निसं)।** बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री देखने और सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में करौली कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। करौली थाना अधिकारी डॉ. उदय भान ने बताया कि बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री देखने और सोशल मीडिया पर प्रसारित करने को लेकर साइबर सेल एनसीआरबी दिल्ली पूरे देश में विशेष निगरानी कर रही। सोशल मीडिया की निगरानी के दौरान चाइल्ड पोर्नोग्राफी का मामला पकड़ में आया। जिस पर एनसीआरबी साइबर टिप लाइन दिल्ली द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर एसपी नारायण टोगस ने युवक को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने रुपेश सिंहल 20 निवासी सत्यवती विहार कॉलोनी करौली को गिरफ्तार किया है।

# ओड़ा रेलवे ब्रिज ब्लास्ट मामले में रिमांड बढ़ाया

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर-असारवा (अहमदाबाद) रेलमार्ग पर उदयपुर से 35 किमी खारवा-चांदा रेलवे ट्रेक की ओड़ा रेलवे ब्रिज ब्लास्ट के आरोपियों की कोर्ट ने रिमांड अवधि पांच दिन और बढा दी है। वहीं अवैध विस्फोटक बेचने वालों की रिमांड अवधि बढा दी गई है। एक नाबालिग आरोपी को किशोर न्यायालय में पेश किया गया।

ओड़ा रेलवे ब्रिज पर ब्लास्ट मामले में आरोपियों धूलचंद और प्रकाश मीणा की रिमांड अवधि बुधवार को पूरी होने पर एटीएस, उदयपुर यूनिट के एएसपी अनंत कुमार के नेतृत्व में कोर्ट में पेश किया। जहां पुलिस ने अनुसंधान में और भी साक्ष्य और कबूलात के लिए पांच दिन और रिमांड अवधि बढ ाने की गुजारिश की। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इस मामले में डेटोनेटर बेचने वाले अकुंश और उसके पिता बिहारीलाल सुहालका को भी पांच दिन के रिमांड पर सौंपा गया है। अब पुलिस धूलचंद, प्रकाश अकुंश और उसके पिता बिहारीलाल सुहालका से संयुक्त रूप से पूछताछ करेगी।

आपको बतादें कि इस केस में अब तक टीम सभी आरोपियों के घरों की तलाशी ले चुकी हैं। एटीएस को नक्सली या आतंकी एंगल जैसा कुछ नहीं मिला है। किसी के उकसावे जैसी कुछ बात सामने बात सामने नहीं आई है।


पुष्कर के पंडित गोताखोर राहुल पाराशर ने बताया की बाबाजी मोहन गिरी के सानिध्य में रूस की रहने वाली दो विदेशी महिलाओं ने अपने पूर्वजों के पिंडदान किये। रिना व कातिया ने पुष्कर सरोवर की पूजा करके बहुत ही शान्ति महसूस की। इसके बाद दोनों महिलाओं ने सर्दी से बचाव के लिए सौ कम्बल सड़क पर सोने वाले बाबा, साधुओं को वितरित किये।

# पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने का जुनून

## नागौर से पप्पू चौधरी ने शुरू की साइकिल यात्रा, झुंझुनूं पहुंचा

**झुंझुनूं, (निसं)।** पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने के लिए माउंट एवरेस्ट तक साइकिल यात्रा पर निकले पप्पू चौधरी झुंझुनूं पहुंचे। यहां पहुंचने पर युवाओं ने पप्पू का स्वागत किया और उनके हौंसले की सराहना करते हुए कहा कि अगर हर व्यक्ति में पप्पू चौधरी जैसी सोच पैदा हो जाए, तो पर्यावरण संरक्षण के लिए किसी को जागरूक करने की आवश्यकता नहीं होगी।

पप्पू ने 1 सितंबर को नागौर से साइकिल यात्रा की शुरू की थी। अब तक राजस्थान के 11 जिलों की साइकिल पर यात्रा कर चुके है। पप्पू चौधरी नागौर से होते हुए जोधपुर, पाली, सिरोही, जालौर, बाड़मेर, जैसलमेर बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू के बाद झुंझुनूं पहुंचे। वह अब तक चार हजार किलोमीटर की दूरी तय कर चुके है। माउंट एवरेस्ट तक पहुंचने के लिए लगभग डेढ़ साल तक यात्रा करेंगे। माउंट एवरेस्ट तक पहुंचने के लिए बीस हजार किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करेंगे। पप्पू के इस काम हर जगह सराहना हो रही है, जगह जगह स्वागत किया जा रहा है।


पर्यावर संरक्षण की अलख जगाने के लिए पप्पू चौधरी झुंझुनूं पहुंचे।

पप्पू चौधरी नागौर जिले के खींवसर के रहने वाले है। उनका सपना है कि माउंट एवरेस्ट कैंप तक साइकिल यात्रा निकालकर पर्वतारोहण का प्रशिक्षण हासिल कर एवरेस्ट अभियान दल का हिस्सा बने। पप्पू को राजस्थान में तीन महीने और लगेंगे उसके बाद साल भर तक यात्रा कर माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचेंगे। पप्पू बताते है कि उन्हें पर्यावरण बचाने का जुनून है और इसके लिए वे काम कर रहे हैं, ताकि लोग उन्हें देखेंगे तो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होंगे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**बीकानेर, (कासं)।** लूणकरनसर में ईंट भट्टों पर काम करने वाले तीन मजदूर बाइक पर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सड़क पर चारे से भरी दो पिकअप खड़ी थी। इसी कारण सामने से आ रहा ट्रक नजर नहीं आया। लूणकरनसर के चक 264 के पास हरियासर गांव में ईंट का भट्टा है। इसी भट्टे पर हनुमानगढ़ के पीलीबंगा निवासी तीन दोस्त काम करते हैं। बुधवार को अमावस्या के कारण अवकाश थो। ऐसे में तीनों दोस्त लूणकरनसर घर का सामान लेने गए थे। वापसी के दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। बाइक पर सवार राजू पुत्र बृजलाल नायक, मदन लाल पुत्र चौथराम मेघवाल और श्योपत पुत्र बृजलाल नायक की मौके पर ही मौत हो गई। राजू और श्योपत सगे भाई थे। इन तीनों के ऊपर से ट्रैक्टर निकल गया। ऐसे में तीनों दूर-दूर सड़क पर गिरे मिले। आसपास के लोग अस्पताल भी लेकर गए लेकिन तीनों मृत थे। अब तीनों की बॉडी लूणकरनसर अस्पताल में रखी गई है, जहां तीनों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। मौके पर दो पिकअप गाड़ियां खड़ी थी। इसी कारण ट्रैक्टर और बाइक सवार दोनों को कोई भी नजर नहीं आया।

# महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने केन्द्र सरकार पर लगाए आरोप

## प्रदेश में 5 हजार नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की नहीं दे रहा केंद्र मंजूरी, मानदेय भी नहीं बढ़ा रहा

**झुंझुनूं, (निस)।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश केंद्र सरकार पर हमलावर हो गई है। उन्होंने केंद्र सरकार पर सौतेला व्यवहार का आरोप लगाने के साथ-साथ कहा है कि प्रदेश की जनता ने 25 के 25 सांसद जीताकर दिल्ली भेजे थे। लेकिन वो सभी के सभी मूक बधिर हो गए। पीएम के सामने बोलने की उनकी हिम्मत तक नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले सात सालों में प्रदेश में एक भी नया आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुला है।

पांच हजार नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के लिए कई बार बातचीत हुई और चिट्ठी लिखी गई। लेकिन ना तो कोई जवाब आता है और ना ही स्वीकृति आती है। जिसके चलते आंगनबाड़ी जैसी सुविधाओं का विस्तार अटका हुआ है। वहीं केंद्र खुलेंगे तो महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में गहलोत सरकार तीन बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और साथिनों का मानदेय बढाया दिया है।


मंत्री ममता भूपेश

लेकिन केंद्र सरकार बढे हुए मानदेय के आधार पर अपना हिस्सा नहीं दे रही है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच नीतिगत निर्धारण है कि मानदेय का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र तथा 40 फीसदी हिस्सा राज्य सरकार देगी। लेकिन विडंबना है कि हम 70 फीसदी पैसा दे रहे है। वहीं केंद्र सरकार 30 फीसदी राशि भी समय पर नहीं दे रहा है। इसलिए केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारियों से विमुख हो रहा है। नीतिगत समझौतों पर काम नहीं कर रहा है। बावजूद इसके भाजपा के सांसद केंद्र में कुछ बोलते नहीं।

**ईआरसीपी और मानगढ़ पर बरसी ममता :-** मंत्री ममता भूपेश ने केंद्र सरकार को केवल अपने विभागीय कार्यों में सौतेले व्यवहार को लेकर ही नहीं घेरा। बल्कि उन्होंने कहा कि ईआरसीपी और मानगढ़ का क्रेडिट गहलोत सरकार ना ले जाए। इसके कारण ना तो ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया जा रहा है और ना ही मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक बनाया जा रहा है। केंद्र सरकार को एक अभिभावक की तरह सभी राज्यों को देखना चाहिए। लेकिन पॉलिटिकल माइलेज गहलोत सरकार को ना मिल जाए। इसलिए ना तो ईआरसीपी और ना ही मानगढ़ पर कोई निर्णय लिया जा रहा है। जबकि हम स्पष्ट कर चुके है कि ईआरसीपी और मानगढ़, दोनों में जो भी खर्चा आएगा। राज्य सरकार खर्च करेगी। फिर भी केंद्र सरकार पॉलिटिकल माइलेज कांठोस को ना मिले। इसलिए ना केवल चुप है। बल्कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी राजस्थान के होते हुए भी कोई कदम नहीं उठा रहे है।

**भाजपा की नौटंकी है जनाक्रोश रैली, फ्लॉप शो साबित होगी :-** भाजपा की जनाक्रोश रैली को लेकर ममता भूपेश ने कहा कि चार साल में भाजपा ने विपक्ष की भूमिका को तो नहीं निभाया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को देखते हुए चुनावी स्टंट के लिए भाजपा जनाक्रोश रैली की नौटंकी कर रही है। जो एक फ्लाप शो साबित होगी। भारत जोड़ो यात्रा पर उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल में पहली बार कोई नेता पौने 4 हजार किलोमीटर की यात्रा कर रहे हैं। इसकी सफलता से बौखला कर ही भाजपा जनाक्रोश रैली निकाल रही है। प्रदेश की जनता राहुल गांधी की यात्रा के स्वागत के लिए तैयार है।